श्री सदगुरू देवाय नमः ओ३म् जय माता दी
सीताराम बाबा जी जय बाबा की श्याम बाबा
! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!!

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 79 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦25 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सुशासन दिवस पर बूथों तक पहुंची सरकार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रविवार को प्रदेश भर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने खुद भी चौपाल लगाई। सीएम ने मसूरी विस में डाकरा बूथ में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी।। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने डोईवाला में, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार राजपुर रोड के एमकेपी कैंपस में पूर्व पीएम वाजपेयी के जन्म दिवस एवं सुशासन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश सरकार के मंत्री और शासन, विभागों और जिलों के अधिकारी भी गांवों में चौपाल लगाई गई। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कोटद्वार माल गोदाम रोड, प्रेमचंद अग्रवाल डोईवाला के लच्छीवाला में, सुबोध उनियाल ऋषिकेश के गांधी ग्राम में, गणेश जोशी राजपुर रोड के आंबेडकर नगर में, रेखा आर्य ने रायपुर के तपोवन स्थित बूथ में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट हल्द्वानी में, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. (शेष पृष्ठ सात पर)





## उत्तराखंड के प्रणेता हैं अटल जी: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अटलजी की याद में रविवार को राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक,राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता थे। वे एक ऐसे महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग प्यार और आदर करते थे। वाजपेयी सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं में शामिल हैं।उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। अटलजी उत्तराखंड के प्रणेता हैं। उन्होंने न केवल उत्तराखंड (शेष पृष्ठ सात पर)



# जंगल में शराब पी रहे युवक को बाघ ने बनाया निवाला

### जंगल में मिला क्षत विक्षत शव,दो दोस्तों ने भागकर बचाई जान

रामनगर (उद संवाददाता)। शनिवार की देर शाम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटे मोहान एवं धनगढ़ी क्षेत्र के बीच



जंगल में शराब पी रहे तीन युवकों पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ एक युवक को घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। दो युवकों ने वहां से भागकर किसी तरह जान बचाई। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर युवक के शव को बरामद कर लिया है। घटना से मृतक के परिजनों में हड़कम्प मचा है। जानकारी के मुताबिक नफीस पुत्र अब्दुल रशीद निवासी नॉर्मल स्कूल खताड़ी ,सूरज नेगी उर्फ रवि पुत्र पुष्कर सिंह निवासी इंदिरा कॉलोनी, मोहम्मद शमी पुत्र सलीम निवासी ऊंटपड़ाव रामनगर शनिवार की शाम को मोहान क्षेत्र में घूमने गए थे। बताया जाता है कि तीनों युवक पनोद नाले के पास शराब पी रहे थे। अचानक जंगल की ओर से आए बाघ ने हमला बोल दिया। बाघ नफीस जबड़े में दबोचकर जंगल की ओर ले गया। जबकि उसके दोनों साथियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसी बीच वहां से होकर गुजर रहे डंपर चालक ने दोनों को अपने वाहन में बैठाकर वन विभाग तक पहुंचाया। सूचना पर वन कर्मी और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। नफीस को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया। अंधेरे में वन विभाग और पुलिस को नफीस का मोबाइल और पेंट ही मिल पाई। अंधेरा अधिक होने के कारण रात में सर्च अभियान रोकना पड़ा। सुबह फिर सर्च अभियान चलाया गया तो नफीस का शव झाड़ियों से बरामद हुआ। बता दें कि इस क्षेत्र में बाघ (शेष पृष्ठ सात पर)

### फायरिंग करके बाघ को खदेड़ा

रामनगर। सुबह जब वन विभाग के कर्मी और मृतक के परिजन नफीस के शव को ढूंढते हुए जंगल में शव के पास पहुंचे तो बाघ की दहाड़ सुनकर वनकर्मियों और परिजनों में हड़कम्प मच गया। हाथियों के साथ सर्च अभियान में जुटे वन कर्मियों को बाघ को भगाने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इसके बाद वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द किया।

### मृतक के दोस्तों पर केस दर्ज

रामनगर। प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब पीने पर जहां एक युवक को जान गंवानी पड़ी वहीं मृतक के दोस्तों को भी उनका शौक भारी पड़ गया। मृतक के दोनों दोस्तों के खिलाफ वन विभाग ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें पुलिस के सुपुर्द किया है। युवकों पर बाघ के हमले की



## गदरपुर में ग्रामीणों ने फिर घेरा थाना

### युवक की मौत के मामले पुलिस पर कार्रवाई की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। होमगार्ड के वाहन से युवक की मौत के मामले में पुलिस सकैनिया चौकी के पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणो दूसरे दिन भी थाने का घेराव कर हंगामा किया। घेराव के चलते आस पास के थाना चौकियों की पुलिस को भी मौके पर बुलाना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल ग्रामीणो को शांत किया। बता दें कामरेड का डेरा केलाखेड़ा निवासी बीस वर्षीय जसवंत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह गांव के ही राजेन्द्र सिंह पुत्र रणजीत सिंह के साथ शुक्रवार शाम किसी काम से बाइक पर गया था। रात 11 बजे सूचना मिली कि जसवंत सिंह की हादसे में मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि सकैनिया चौकी के पुलिस कर्मियों की कार ने जसवंत और राजेन्द्र की बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गये। बाद में जसवंत की अस्पताल में मौत हो गयी। जबकि राजेन्द्र की हालत अभी (शेष पृष्ठ सात पर)



## वनंतरा मामले में केस को कमजोर कर रहा सरकार का बयान: हरदा

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वनंतरा मामले में वह सोमवार को गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वीआइपी को लेकर दिया गया बयान भविष्य में संबंधित मुकदमे और दंड प्रक्रिया में बाधा बन सकता है।पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वनंतरा प्रकरण में बेटी को न्याय मिलना चाहिए। वनंतरा रिसार्ट में वीआइपी को लेकर सरकार के मंत्री का जो बयान आगे आया है वह भविष्य में मुकदमे को प्रभावित कर सकता है। वनंतरा रिसार्ट की कर्मचारी ने अपनी वाट्सएप चेटिंग में साफ कहा है कि उस पर वीआइपी को स्पेशल सर्विस देने के लिए दबाव था। इस प्रकरण को लेकर उत्तराखंड की जनता में अभी भी कई तरह के संदेह हैं। इसमें वीआइपी की उपस्थिति गंभीर मामला है। इससे रिसार्ट संस्कृति पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि विधानसभा में बैक डोर से नियुक्तियों का मामला यदि अवैध है तो नियुक्ति पाने वाला ही दोषी नहीं है बल्कि नियुक्ति देने और दिलवाने वाला भी बराबर का दोषी है। कमजोर को दंडित करना और अन्य को दंडित नहीं करना यह न्याय के (शेष पृष्ठ सात पर)



## छात्र संघ चुनाव में विधायक की मेहनत भी रंग लाई

### छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष और सचिव पद पर एबीवीपी के प्रत्याशियों की जीत में विधायक शिव अरोरा की मेहनत भी रंग लाई। दोनों पदाधिकारियों का शिव अरोरा के कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। बता दें छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी प्रत्याशियों की जीत के लिए विधायक शिव अरोरा ने भी कमर कस रखी थी। वह चुनाव पर लगातार नजर बनाए हुए थे। उनके प्रयासों से आखरिकार अध्यक्ष पद पर गौरव पपनेजा विजयी हुए। वहीं विधायक की रणनीति के चलते सचिव पद पर दीपक भट्ट निर्विरोध निर्वाचित हो गये। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद बीती रात विधायक के कार्यालय पर दोनों पदाधिकारियों का गाजे बाजोंके साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने दोनों जीते प्रत्याशियों को बधाई दी ओर कहा निश्चित रूप से आप छात्र हित मे कार्य करते हुए विद्यार्थी परिषद की विचारधारा को आगे बढ़ते हुए कार्य करेगे। इस दौरान, भाजपा जिला महामन्त्री अमित नारंग, उपेंद्र चौधरी, सूरेश कोली, हिमांशु शुक्ला, नवीन पांडेय,सुशील यादव, प्रीत ग्रोवर, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, रचित सिंह, सुनील यादव, धर्मेंद्र आर्य, ललित बिष्ट, बिट्टू चौहान व बडी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।



## युवक पर नाबालिग पुत्री को अगवा कर ले जाने का आरोप

रूद्रपुर। एक महिला ने मौहल्ले के ही निवासी युवक पर उसकी नाबालिक पुत्री को अगवा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में प्रीत विहार कालोनी निवासी महिला ने कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 13 दिसम्बर को पुत्र की ससुराल गौलापार हल्द्वानी में शादी में गयी हुई थी। वहाँ से आदित्य पुत्र छत्रपाल जो मोहल्ले प्रीत विहार में ही रहता है उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। किसी तरह मोहल्ले वालों तथा आस पास के लोगो की मदद से अपनी पुत्री को आदित्य के चंगुल से छुड़ा कर ले आयी थी। तब भी आदित्य ने धमकी देते कहा था कि मौका मिलने पर वह उसे फिर भगा कर ले जायेगा। महिला का आरोप है 22 दिसम्बर की सुबह उसकी पुत्री अपने भाई के निवास जाने को कहकर घर से निकली थी। जो देर शाम तक भी घर वापिस नही लौटी। जिस पर उसने व घर के अन्य लोगों ने बाजार तथा हर सम्भव जगह पर उसे तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। महिला ने आशंका व्यक्त की है कि आदित्य ही अपने अज्ञात साथियों की मदद से उसकी नाबालिग पुत्री को फिर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अगवा किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# प्राचार्य प्रो.पाण्डे मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार से सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पाण्डे को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस पर आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपने आवास पर आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के लिए प्रदेश के कई अधिकारी एवं अन्य लोग भी चयनित किए गए। प्राचार्य प्रो. पाण्डे को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार से सम्मानित करने पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों अन्य स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं व प्रो. पांडे के शुभचिंतकों खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने प्रो. पाण्डे को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि प्राचार्य प्रो. पांडे को पूर्व में भी कई पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। जिनमें वर्ष 2016 में बायो टेक्नोलोजी, कैरियर काउंसिलिंग एंड रिसर्च लेबोट्रीज कार्य के लिए उच्च शिक्षा और सृजन सोसायटी के निदेशक द्वारा सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। वर्ष 2017 में उच्च शिक्षा में विज्ञान के प्रचार प्रसार हेतु अनुकरणीय कार्य के लिए



बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंस भीमताल द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2017 में ही शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए योगा विभाग, कुमाऊं विश्व विद्यालय, नैनीताल द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया। वर्ष 2019 में उच्च शिक्षा में भारत वर्ष के पचास शिक्षाविदो में स्थान प्राप्त करने पर यूनिक्स लर्निंग सॉल्यूशन चौन्नई तमिलनाडु द्वारा यूलिक्स वाल आफ फेम पुरस्कार से नवाजा गया। वर्ष 2020 में कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा में महत्वपूर्ण कार्य के लिए पहल सार्थक समिति, उत्तराखंड ने कोरोना सेवा योद्धा सम्मान से सम्मानित किया। इसी वर्ष उच्च शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए आचार्य नरेंद्र देव शिक्षा निधि, उत्तराखंड ने प्रताप भय्या स्मृति पुरूस्कार प्रदान किया। वर्ष 2021में शिक्षा में नव परिवर्तन के लिए उदघोष डाक्टर यदवेंद्र मैमोरियल ट्रस्ट रुढ़की, हरिद्वार द्वारा टीचर्स आईकन एवार्ड प्रदान किया गया। वर्ष 2021 में उत्कृष्ट शिक्षण एवं प्रशासनिक योग्यता हेतु यू कोस्ट उत्तराखंड एवं दिव्य हिमगिरी संस्थान, देहरादून द्वारा प्रिन्सपुल आफ इयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2021में उच्च शिक्षा में विशुद्ध एवं व्यावहारिक विज्ञान के नव परिवर्तन कार्यों के लिए उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड शासन द्वारा भक्ति दर्शन उच्च शिक्षा गौरव पुरूस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2022 में उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अमर उजाला समूह, कुमाऊं एवं एमआईईटी समूह द्वारा देवभूमि शिक्षा उत्कृष्ट सम्मान दिया गया। प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पाण्डे को अब सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्तराखंड शासन द्वारा मुख्यमन्त्री उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

# प्रशासन की चौपाल में 30 शिकायतें दर्ज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।ग्राम सभा बैकुंठपुर शक्तिफार्म में प्रशासन की ओर से लगाई गई चौपाल में मुख्य रूप से ग्राम सभा के सार्वजनिक खेल मैदान में मिट्टी भरान का मुद्दा छाया रहा। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्राम सभा की खुली बैठक के प्रस्ताव की कापी भी तहसीलदार सितारगंज को दी गई ।दर्जनों लोगों ने राशन कार्ड की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाई,लोगो का कहना था की राशन कार्ड उनके पास नही है ।कुछ



लोगो ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने पर भी उन्हे बीपीएल कार्ड नहीं मिलने की शिकायत की।तहसीलदार राजेंद्र सनवाल सितारगंज ने सभी शिकायत दर्ज करवाई कहा जल्दी ही शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। बैकुंठपुर चौपाल में लगभग 30 मामले पंजीकृत हुए। भागीरथ लाल राजस्व, प्रमोद कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,शिक्षा विभाग आरती दीपक, एएनएम प्रियंका,अमित कुमार जेई,बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजुला यादव,परेश मंडल,ग्राम प्रधान बिरंची बाईन,सुभाष सरकार,बलाई खान,गोविंद देवनाथ जी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड ट्रेनिंग शिविर का समापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। तीन दिवसीय स्काउट गाइड ट्रेनिंग कैंप का आयोजन श्री गुरु नानक अकैडमी के कीड़ा मैदान में किया गया। इसमें विद्यालय के सभी बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड ट्रेनिंग काउंसलर हल्द्वानी द्वारा इस कैंप का आयोजन किया गया था। ट्रेनर अंशिका पटेल एवं सोनम द्वारा बच्चों को तंबू लगाना पथ संचलन स्वागत ताली स्पेशल ताली एवं स्काउट ताली के बारे में ट्रेनिंग दी गई तथा ड्रिल और मीनारें बनाना सिखाया गया। ट्रेनिंग के दौरान समस्त विद्यालय के बच्चों को पांच ग्रुप में बांटा गया।जिसमें छोटे बच्चे बने बुलबुल एवं कब थे तथा बड़े बच्चों के दो ग्रुप बनाए गए थे बालक स्काउट एवं बालिका गाइड में शामिल थे अंतिम तीसरे दिन तंबू कंपटीशन के द्वारा बच्चों का परीक्षण कर विजय



टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया ट्रेनर अंशिका पटेल ने विद्यालय की निर्देशिका वायला रैना एवं प्रध ।नाचार्य श्रीमती मीनाक्षी प्रभाकर जी को स्काउट स्कार्फ पहना कर सम्मानित कर शिविर का समापन किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती सुरेंद्र कौर ने कहा है कि बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी होता रहेगा। शिविर समापन के समय स्कूल के शिक्षक गणों में सुखवंत सिंह, सुखवीर सिंह राठौर, सिमरन कौर, सुखबीर कौर, रेखा गंगवार, प्रीति सिंह ,चमन गुप्ता ,आनंद ,बबीता आदि समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# सामान सहित चौबीस घंटे में चोर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नशे की लत पूरा करने के लिए एक युवक ने दुकान का ताला तोड़कर इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर लिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के सामान सहित दबोच लिया। जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह नेगी पुत्र हरक सिंह नेगी निवासी ग्राम रामपुर पोस्ट लामाचौड, थाना मुखानी द्वारा थाना मुखानी में रपट दर्ज कराई गई कि 17 दिसंबर की रात्रि में हेमन्त सिंह कुरिया उर्फ हेमू पुत्र चन्दन सिंह निवासी जोशी गार्डन, देवपुर कुरिया पोस्ट लामाचौड द्वारा उसकी दुकान नेगी रेडियोज जो नाथूपुर पाडली सडक किनारे लामाचौड पर स्थित है, का ताला तोडकर दुकान से पांच एलइडी टीवी, 3 म्यूजिक सिस्टम), 1 रेडियो, एक होम थियेटर 4 छोटे स्पीकर, 1 स्टेपलाईजर, 1 हीटर जिनकी कुल कीमत करीब 70 हजार रूपये है चोरी कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर रमेश बोहरा, थानाध्यक्ष मुखानी द्वारा चोरी का खुलासा करने व ओरापी की गिरफ्तारी हेतु उनि अनिल



कुमार, प्रभारी चौकी आम्रपाली के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की खोजबीन शुरू की गयी। जिसे मुखबिर की सूचना पर मात्र 24 घण्टे की भीतर ही कल रात्रि जोशी गार्डन, देवपुर कुरिया लामाचौड, मुखानी के पास से गिरफ्तारी किया गया। उसकी निशानदेही पर सुरेश सिंह की दुकान से चोरी किया गया सामान उसके घर से बरामद कर लिया गया। पूछताछ पर हेमंत ने बताया कि वह नशा करने का आदि है और पैसे न होने के कारण नशा करने के लिए उसके द्वारा रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि अनिल कुमार, प्रभारी चौकी आम्रपाली, कानि. कुन्दन सिंह व प्रेम सिंह शामिल थे।

# राज्यपाल ने दी सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के धनी और लोकप्रिय राजनेता रहे हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्यपाल ने भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। शिक्षा के क्षेत्र उनका बहुमूल्य योगदान सदैव याद किया जाएगा।राज्यपाल ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता हेतु सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुशासन बेहद महत्वपूर्ण है। सुशासन ही किसी देश के विकास की प्रथम सीढ़ी होती है, जिसके माध्यम से देश के विभिन्न अंगों का संचालन विवेकपूर्ण और सुशासित तरीके से होता है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय नैनीताल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं सुशासन दिवस पर आधारित चित्र प्रदर्शनी पूर्व प्रचार अभियान के तहत किसान इंटर कॉलेज लालपुर में छात्र-छात्राओं के मध्य एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में कुमारी कैफा प्रथम,आर्यन दितीय कुमारी शिल्पा तृतीय एवं लक्ष्मी कौर चतुर्थ स्थान पर रही सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रध ।नाचार्य फैज अहमद द्वारा सम्मानित किया



गया। कार्यक्रम का संबोधन विभागीय अधिकारी बी एस नेगी द्वारा 26 एवं 27 दिसंबर को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं सुशासन दिवस तथा जी 20 के पूर्व प्रचार अभियान के तहत विद्यालय के छात्र छात्राओं को दो दिवसीय कार्यक्रम आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश्न मंच चित्र प्रदर्शनी भाषण तथा अन्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड राज्य को कर्नाटक राज्य के साथ जोड़ने एवं वहां के रहन सहन तथा संस्कृति से अवगत कराया गया इसी क्रम में श्री नेगी द्वारा यह कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू किया गया जिससे देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बढ़ावा मिल सके ।


# चार साहिबजादे चौक का भट्ट ने किया लोकार्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 38आवास विकास में दशमेशनगर गुरूद्वारे के पास चार साहिबजादों की याद में बनाये गये चौक का केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा और मेयर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से पर्दा हटाकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अरदास की गयी और लंगर भी बांटा गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेयर रामपाल सिंह सहित गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोगों ने केन्द्रीय मंत्री भट्ट को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि चार साहिबजादों की याद में चौक का निर्माण कराकर नगर निगम ने ऐतिहासिक काम कराया है। सभी को चार साहबजादे चौक पर लिखी साहिब जादो की जीवन गाथा को अवश्य पढ़ना चाहिए। उनहोंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा का निर्माण किया। उनके चार बेटों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह





सिंह को मात्र 19 वर्ष की आयु से पहले मुगल सेना द्वारा शहीद किया गया था। उनकी शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। सिख धर्म गुरु गोबिंद सिंह जी के शहीद पुत्रों को उनकी वीरता और बलिदान के लिए जाना जाता है और उन्हें "चार साहिबजादे" के रूप में आज भी लोग याद करते हैं। अपने धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले चार साहिबजादों ने पूरे समाज को सीख दी थी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सिख समाज ने समय समय पर देश के लिए अपना त्याग और बलिदान दिया हैं। आज भी सिख समाज देश और समाज की सेवा में सबसे आगे हैं नगर निगम द्वारा कराया गया यह निर्माण कार्य ऐतिहासिक है और हमें चार साहबजादे चौक पर लिखी साहिब जादो की जीवनी को पढ़ कर उनकी कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए उनकी सेवा से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए । इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि चार साहिबजादों की याद में चौक का निर्माण उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह जी के चार साहिजादों की बहादुरी और कुर्बानी इतिहास में दर्ज है। चार साहिबजादों ने सिख धर्म की रक्षा के लिए खुद की जान तक कुर्बान कर दी। लेकिन मुगलों के सामने वे झुके नहीं और न तो उन्होंने अपना धर्म बदला। ऐसे महान बलिदानियों की याद में चौक का निर्माण होना शहर के लिए भी गर्व की बात है । इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता,सुरेश परिहार,विवेक सक्सेना, गुंजन सुखीजा, अमित नारंग, राकेश सिंह, गुरमीत सिंह, मानस जायसवाल,राजीव सिंघल,जितेंद्र सिंघल,जसविंदर सिंह खरबंदा,सुरेंद्र ग्रोवर,अवतार सिंह,हरनाम सिंह,नेत्रपाल मौर्य, विपिन जल्होत्रा, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम,मधु राय,शालिनी बोरा, रीना जग्गा, विधान राय, निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, राजेश शर्मा, शुभम गुप्ता,रमेश काला,सोनू अनेजा, राजेश जग्गा,सरदार सोमपाल सिंह, सरदार बलविंदर सिंह, सरदार भूपेंद्र सिंह लांबा, शरदा सिंह,भजन सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, नितेश गुप्ता सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


उत्तराखण्ड शासन
युग पुरुष, उत्तराखण्ड के प्रणेता, जनप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री
''भारत रत्न''
स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की जयंती पर उत्तराखण्ड वासियों की ओर से
शत-शत नमन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
Website: www.uttarainformation.gov.in
UttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

# रश्मि लमगड़िया ने रचा नया इतिहास

## एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर एबीवीपी की बागी प्रत्याशी ने लहराया जीत का परचम

हल्द्वानी। कुमाऊं विश्वविद्यालय के एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के बागी प्रत्याशी रश्मि लमगड़िया विजयी रही। कुमाऊं के सबसे बड़े छात्र संख्या वाले एमबीपीजी कालेज में इस बार इतिहास बना है। टिकट न मिलने पर एबीवीपी से बगावत कर निर्दल मैदान में उतरी रश्मि लमगड़िया ने पहली बार कालेज में महिला अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी के एबीवीपी कौशल बिरखानी को 1294 मतों से हराया। एनएसयूआई प्रत्याशी सूरज भट्ट को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वहीं सचिव पद पर निहित नेगी विजयी रहे। एमबीपीजी महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के लिए छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढ़ंग से हो गया। प्रात: 9 से 2 बजे तक छात्र-छात्राओं ने वोट डाले। मतदान प्रतिशत 40.93 रहा। इसके बाद तीन बजे से मतगणना शुरू हुई। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। कोरोना संक्रमणकाल के चलते दो वर्ष तक छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। इस वर्ष चुनाव को लेकर छात्रों ने आंदोलन की राह पकड़ी। इसके चलते 24 दिसम्बर चुनाव की तिथि घोषित की गई। इस प्रकार 11 पदों के लिए 73 प्रत्याशी मैदान में उतरे। इनमें छात्रा उपाध्यक्ष पद पर गीता कुंवर निर्विरोध चुनी गई। मतदान को लेकर छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। खासकर नए मतदान करने वाले छात्र-छात्राएं उत्साहित दिखे। इसके बाद तीन बजे से मतगणना शुरू हुई। एमबीपीजी महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के लिए छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढ़ंग से हो गया। मतदान के पश्चात शुरू हुई मतगणना रात तक पूरी हुई। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. सीएस नेगी



ने चुनाव परिणाम की घोषणा की। चुनाव परिणाम में रश्मि लमगड़िया को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। उन्हें 2647 मत प्राप्त हुए जबकि कौशल बिरखानी को 1353, सूरज भट्ट को 470 व अरहम रजा को 42 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर गौरव संभल विजयी रहे। उन्हें 3113 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संस्कार को 1028 व अमित पंत 82 मत हासिल कर सके। उपाध्यक्ष (छात्रा) पद पर गीता कुंवर निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। सचिव पद पर निहित नेगी निर्वाचित हुए। उन्हें 2702 मत मिले। वहीं इस पद पर जीवन चन्द्र जोशी को 1451मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर सौरभ कुमार विजयी रहे। उन्हें 2252 मत व चंद्रेश बजेठा को 1738 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर करन सिंह बिष्ट विजयी रहे। उन्हें 2252 मत, ऋतिक साहू को 1275 मत व अभिषेक सैनी को 662 मत मिले। सांस्कृतिक सचिव पद पर लक्ष्मण सिंह विजयी रहे। उन्हें 1925 मतप्रकाश सिंह 1866 मिले।विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर गौरव मठपाल विजयी रहे। उन्हें 2013 मत तथा चिराग सिंह सम्मल को 1984 मत मिले। इधर इस बार पहली बार अध्यक्ष पद पर महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज कर इस महाविद्यालय का इतिहास रच दिया है। मतगणना पूरी के बाद विजेताओं ने समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ की अध्यक्ष बनीं रश्मि लमगड़िया जीत से उत्साहित हैं। रश्मि ने खुद के साथ एमबीपीजी कालेज की भी गौरव गाथा लिख दी। कीर्तिमान रचने वाली रश्मि ने खुद की जीत को संघर्ष, ईमानदारी, महिलाओं के सम्मान के साथ कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत बताया है। बोलीं, जब बेटी खड़ी होती है जीत बड़ी होती है। टिकट कटने से रश्मि भावुक होगई थी और उन्होंने एबीबीपी से इस्तीफा देकर निर्दलीय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। जबकि समर्थकों का भरपूर सहयोग मिलने से रश्मि ने जीत हासिल कर विरोधियों को धूल चटाकर बहादुर बेटी की ताकत का ऐहसास भी करवा दिया है।

# कुमाऊं के 22 महाविद्यालयों में एबीवीपी का डंका

## बीस महाविद्यालयों में अध्यक्ष पद पर जीते निर्दलीय उम्मीदवार
## एनएसयूआइ के सिर्फ आठ कालेजों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जीते

ऊधमसिंहनगर/नैनीताल/हल्द्वानी। कोरोना के चलते दो साल बाद हुए छात्रसंघ चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के आनुषांगिक संगठन एबीवीपी का अच्छा प्रदर्शन रहा।कुमाऊं के 50 राजकीय महाविद्यालयों व एक अशासकीय कालेज में चुनाव हुआ। इसमें 22 महाविद्यालयों में एबीवीपी के समर्थित उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। 20 महाविद्यालयों ऐसे हैं जहां निर्दल उम्मीदवारों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अध्यक्ष पद पर जीते हैं। कांग्रेस के आनुषांगिक संगठन एनएसयूआइ के केवल आठ कालेजों में ही अध्यक्ष बने। कुमाऊं में छात्रसंख्या के लिहाज से सबसे बड़े एमबीपीजी महाविद्यालय में एबीवीपी के कौशल बिरखानी व निर्दल प्रत्याशी रश्मि लमगड़िया के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा था, लेकिन रश्मि के आगे एबीवीपी के कौशल को हार का सामना करना पड़ा। कुमाऊं के बड़े कालेजों में रुद्रपुर, बाजपुर, काशीपुर, बागेश्वर, रानीखेत, टनकपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जबकि अल्मोड़ा परिसर में





एनएसयूआइ ने जीत हासिल की। नैनीताल के डीएसबी परिसर से लेकर बाकी अन्य कालेजों में निर्दल उम्मीदवारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुमाऊं ये 12 बड़े कालेजों में एमबीपीजी कालेज में निर्दल रश्मि लमगड़िया, डीएसबी परिसर नैनीताल में निर्दल शुभम बिष्ट, रुद्रपुर में एबीवीपी के गौतम पपनेजा, काशीपुर में एबीवीपी के गुरकीरत सिंह, खटीमा में निर्दल अरविंद,बाजपुर में एबीवीपी के दीपक, अल्मोड़ा विश्वविद्यालय परिसर में एनएसयूआइ के पंकज कार्की, रानीखेत में एबीवीपी के राहुल बिष्ट, बागेश्वर में एबीवीपी के आशीष कुमार,चम्पावत में निर्दली मनीष महर,टनकपुर महाविद्यालय में एबीवीपी के राजेंद्र सिंह,पिथौरागढ़ में एबीवीपी के रितिक पांडे विजयी रहे। नैनीताल जिले में इस बार एबीवीपी और एनएसयूआइ जैसे संगठनों को निर्दल प्रत्याशियों ने धूल चटाई है। कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी कालेज में एबीवीपी से बगावत कर निर्दल मैदान में दम ठोकने वाली रश्मि लमगड़िया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी प्रत्याशी कौशल बिरखानी को हरा दिया। जिले के 10 कालेजों में से छह पर निर्दलियों ने बाजी मारी है, जबकि तीन पर एबीवीपी और एक पर एनएसयूआइ ने सफलता हासिल की है।

# रूद्रपुर में एबीवीपी के गौतम ने मानवेन्द्र को दी शिकस्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अध्यक्ष पद पर आखिरकार कड़े मुकाबले के बीच एबीवीपी के गौतम पपनेजा ने अपने प्रतिद्वंद्धी मानवेन्द्र सिंह को 135 मतों से पराजित किया। सचिव को छोड़कर छात्र संघ के 9 पदों के लिए शनिवार दोपहर दो बजे तक गहमा गहमी के बीच मतदान हुआ। कुल 50.62 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर बाद मतगणना शुरू हुई। जो देर



शाम तक चली। देर शाम परिणाम घोषित हुए जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का परचम लहराया। अध्यक्ष पद पर शुरू के पहले राउण्ड में एबीवीपी प्रतयाशी गौतम पपनेजा से मानवेन्द्र सिंह करीब दस वोटों से आगे चल रहे थे। वह पिछड़ गये। अध्यक्ष पद पर गौतम पपनेजा ने 135 मतों से अपने प्रतिद्वंद्धी मानवेन्द्र सिंह को पराजित कर दिया। गौतम को 1583 और मानवेंद्र को 1448 मत मिले। छात्र संघ उपाध्यक्ष पद पर आकाश कुमार और दीपक सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। आकाश ने दीपक को 240 वोटों से पराजित किया। आकाश को 1782 और दीपक को 1542 वोट मिले। उपाध्यक्ष छात्रा पद पर केशु दास ने दिव्या चौहान को 563 वोटों से हराया। केशु दास को 1900 और दिव्या को 1337 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर कुनाल गोस्वामी ने अश्वनी को 386 वोटों से पराजित किया। कुनाल को 1866 और अश्वनी को 1480 वोट मिले। उपसचिव पद पर गौरव शुक्ला ने बॉबी गुप्ता को 597 मतों से हराया। गौरव को 1957 और बॉबी को 1360 वोट मिले। सांस्कृतिक सचिव पद पर दीपक भट्ट्ट ने ब्रहमपाल को ब्रहमपाल को 1710 मतों के अंतर से पराजित किया। जबकि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर हिमांशु सिंह ने पवन कुमार गंगवार को 61 मतों से हराया। कला संकाय प्रतिनिधि पद पर अभिषेक कुमार ने रंजीत सिंह को 1032 वोटों से हराया। विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर धीरज गंगवार ने सागर को 74 मतों से शिकस्त दी। जबकि वाणिज्यिक संकाय प्रतिनिधि पद पर मनीष शर्मा ने एकमात्र पर्चा भरा था जिसके चलते उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सचिव पद पर मयंक माटा का पर्चा अवैध घोषित होने के कारण रोहित चन्द्र भट्ट भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# सितारगंज में एबीवीपी के पारस सिंह बने छात्र संघ अध्यक्ष

शक्तिफार्म/सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के प्रत्याशी पारस सिंह भंडारी 137 मतों से विजयी रहे। सचिव पद पर मनदीप सिंह 174 मतोंसे विजयी हुए । उपाध्यक्ष पद पर ऋषभ कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष में आरती, कोषाध्यक्ष में तुषार शर्मा विजयी रहे। शनिवार को कुल 1515 में से 1254 छात्र - छात्राओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर पारस भंडारी को 667, सूरज को 13 सूरज हालदार को 530 मत मिले। 41 मत निरस्त हुए। जबकि उपाध्यक्ष के लिए ऋषभ कुमार को 529, लक्ष्मण दत्त को 242, शिवम शर्मा को 330 मत



मिले। 142 मत निरस्त हुए। छात्रा उपाध्यक्ष के लिए आरती को 594, रीतू को 533 मतमिले। 118 मत निरस्त हुए। सचिव पद पर मनदीप सिंह को 671, हीरालाल को 497 मत मिले। जबकि 79 मत निरस्त हो गए । कोषाध्यक्ष के लिए तुषार शर्मा को 677, उदय धामी को 388 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर शिवम शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए । विश्वविद्यालय प्रतिनिधि में राजीव यादव विजयी रहे। यहां राजीव कुमार 587, दिव्यांशु कुमार को 546 मत मिले। कला संकाय प्रतिनिधि में ज्योतिष हालदार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि रोहन हालदार, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि में जिकरा निर्विरोध निर्वाचित हुए। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए एसडीएम ने महाविद्यालय परिसर व आसपास धारा 144 लागू की थी ।





# पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्मदिन पर भजन संध्या आयोजित

## सनातन धर्म के मूल्यों की रक्षा में सदा तत्पर रहे मदन मोहन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रह्म कृषि भारत भूषण देश रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवेय महाराज एक मंत्र दृष्टा कृषि से धर्म उनका काढ़ा था। श्री सनातन धर्म सभा महामना मालवीय की जयन्ती श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रतिवर्ष धूम धाम से मनाती है। इस अवसर पर उनके सम्मान में पुष्पांजली, व्याख्यान एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी महामना मालवीय जी के जन्म दिन 25 दिसंबर की पूर्व संध्या पर गत सांय 06 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायद प. महाबीर शर्मा द्वारा भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त प्रसाद एवं लंगर की व्यवस्था सभा द्वारा की गई। पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसम्बर 1961 मे प्रयाग के लाल डिग्गी मोहल्ले में सुप्रसिद्ध पिछवान पंडित ब्रजनाथ जी के यहाँ हुआ। इनको प्रारंभिक शिक्षा प्रभाग के हरदेव धर्म ज्ञानोपदेश पाठशाला में हुई। इसके बाद कलकता विश्व विद्यालय से 1884 में स्नातक तथा इसके उपरान्त वकालत की शिक्षा पूर्ण की। सफल वकालत के साथ मालवीय जी ने अनेक पत्र पत्रिकाओ के संपादन में अपना सहयोग प्रदान किया। मानवीय जी ने देश सेवा के लिए 1913 में वकालत छोड़कर अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा तथा धर्म को सेवा में लगा दिया। बिखरे हुए मठ मंदिरो को संगठित कर भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु श्री सनातन धर्म सभा की स्थापना की। 1919 प्रयाग कुंभ के अवसर पर में मालवीय जी ने प्रभाग सेवा समिति का गठन कर जनसमुदाय की बहुत सेवा की। संनातन धर्म के मूल्यों की रक्षा में सदा तत्पर रहे। इसी क्रम में सन् 1917 में मानवीय जी ने अखिल भारतीय सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा को स्थापना काशी तथा लाहौर में कर इसका संपूर्ण भार अपने विश्वसनीय शिष्य परम पूज्य गोस्वामी गणेश दत जी को सौपा। इस संस्था ने गोस्वामी के मार्ग दर्शन में अनेक धर्म स्थान तथा शिक्षा केन्द्रों की स्थापना कर भारत में काफी सराहनीय कार्य किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महामना मालवीय जी ने विश्व प्रसिद्ध श्री काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा की सेवा में अपना योगदान दिया। भारतीय राजनीति में तब स्वतन्त्रता आन्दोलन मे मालवीय जी अग्रणी रहे। हरिद्वार में तीर्थ पुरोहितों की सहमति से श्री गंगा सभा की स्थापना कर गंगा माता की सेवा में अपना संकल्प निर्वाह किया। अनेक गौशाला तथा सामुदायिक जन कल्याण समिति की स्थापना कर लोक कल्याण का कार्य किया। राष्ट्र की ऐसी विभूति अपनी इस पार्थिव शरीर को 12 नवंबर 1946 को छोड़कर पंचतत्व में लीन हो गए। इसके सामाजिक, राजनीति तक, धार्मिक एवं स्वतंत्रता के लिए समर्पित होने के कारण महामना के रूप में विभूषित किया गया। इनका जीवन त्याग तपस्या का उदाहरण है। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं भजन संध्या में सभा के प्रधान महेश बब्बर, सरपरस्त हरि चंद मिड्ढा, नंदलाल भुड्डी, तिलक राज बेहड़, महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, उप प्रधान विजय जग्गा, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, राकेश सुखीजा, सुरेश रजदेव, राकेश राजदीव, कर्म चंद राजदेव, बटी ग्रोवर, नरेश, अश्वनी दूनेजा, अमित अरोरा, तिलक घई, शशि अरोरा, आकांक्षा अनेजा, किरण जग्गा, ललिता कक्कड़, पिंकी ग्रोवर, सीमा दुनेज, सुदेश धींगरा, भूपेंद्र अनेजा, बलदेव राज खेड़ा, अश्वनी बजाज, दीपक अरोरा, रोहित जग्गा, सुभाष नारंग, हरीश अरोड़ा, अरुण चुघ, प्रथम बिष्ट, हरप्रीत सिंह, डा. मनमोहन सिंह, पंकज वर्मा, रेनू जुनेजा, ललित बिष्ट आदि भक्तजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति की ओर से नेत्रदान हेतु संकल्प पत्र भी भरे जाने का निर्णय लिया गया।







# रेनबो स्कूल में क्रीड़ा दिवस एवं क्रिसमस कॉर्निवल मनाया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शहर के रेनबो पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भॉति 26 वॉ खेल दिवस एवं प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती मैरी सिंह ने विद्यालय के प्रबंधक संजीव मलिक, प्रबन्धक समिति की सदस्या गीतांजली मलिक, प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भरती एवंउपप्रधानाचार्यसंजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में गुब्बारें छोडकर किया गया। खेल दिवस पर सम्पन्न विभिन्न चरणोंकी खेल प्रतियोगिओंमेंविजयी खिलाडियोंको पुरस्कार व मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सेंटा क्लाज की वेशभूषा में सजेधजे नन्हें मुन्नों की झॉकी ने सबका मनमोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक संजीव मलिक ने एन. सी. सी प्रशिक्षिका पिकीं सिंह के नेतृत्व में एन. सी. सी कैडेटस की सलामी ली एवं परिचय प्राप्त किया। योगा प्रशिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी नेगी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं ने शानदार दुपट्टा ड्रिल प्रस्तुत की।जहॉ पी.टी. आई मि. राजेश अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं ने जुम्बा डांस में



आश्चर्यजनक करतव दिखाए वहीं पी. टी.आई किरन गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं का फैन डांस दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र बना। स्पोर्टस कैप्टन-तनुज कपकोटि ने क्रीडा शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जिंदर कौर प्रेक्षा सिंह एवं तान्या अरोरा द्वारा किया गया। इस इस अवसर पर प्रध ानाचार्या श्रीमती पायल भारती ने मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबन्धन कमेंटी का आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित जनसमूह को ईसामसीह के जन्मदिवस की शुभकामनाए दी छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत क्रिसमस सॉग सहित रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की एवं प्रभु ईसामसीह के जीवन से प्ररेणा लेने का संदेश दिया साथ ही पुरस्कृत खिलाडियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि श्रीमती मैरी सिंह ने रेनबो परिवार सहित समस्त छात्र छात्राओं को ईसा मसीह के जन्मदिन के साथ 26 वें खेल दिवस की बधाई दी एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा-हमें प्रभु ईसामसीह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आपस में प्रेम एवं भाईचारे से रहना चाहिए। संयम, धैर्य, सहनशीलता, क्षमा, त्वरित निर्णय एवं हार-जीत को जीवनसापेक्ष समझना आदि चारित्रिक गुण खेलकूद से ही प्राप्त होते है। कार्यक्रम का समापन प्रबन्धक संजीव मलिक के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होने मैरी सिंह को अपना कीमती समय विद्यालय को देने के लिए धन्यवाद दिया इस अवसर पर कोआर्डीनेटरर्स जी.एस. रावत, श्रीमति जिंदर कौर, काजल झाम, सरिता सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाए उपस्थित थे।

# जैन ग्लोबल स्कूल में क्रिसमस की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल के परिसर में क्रिसमस-पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें मुख्यत करोल सिंगिग,नृत्य, सीक्रेट सेंटा, कार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, क्रिसमस ट्री डेकोरेशन शामिल है कक्षा 6 से 9 तक के बच्चे देव भूमि पहल समिति , खेड़ा जाकर अनाथ बच्चों के लिए टॉफी, बिस्कुट, खिलौने, पुस्तके भेंट दी। इस कार्यक्रम में चेयरमैन सर पुष्कर राज जैन, डायरेक्ट योगेश जैन एवं स्कूल की उपप्रधानाचार्या तेजल शिवापुरी द्वारा बच्चों और शिक्षकों को बड़े दिन की बधाई दी और आगामी नव वर्ष की शुभ कामना दी।



# बालाजी सबकी सुनते हैं सुनेंगे मेरी भी

## समाजसेवी अर्जुन गुप्ता के निवास पर सजा बालाजी का विशाल दरबार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार एवं भंडारा समाजसेवी अर्जुन गुप्ता के निवास स्थान देवाश्रय, 31, आवास विकास में सजाया गया। जहां शहर एवं दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया एवं भजनों का भरपूर आनंदलिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का अर्जुन गुप्ता एवं उनके परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत श्री अग्रवाल ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटेवाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी बीच दरबार में पहुँचे विध ायक शिव अरोरा का दरबार के वरिष्ठ बाबा भक्तों द्वारा मॉल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों कीश्रृंखला में टी-सीरीज भजन गायक रितेश मनोचा ने सब देख रहे है बाबा कुछ छुप नहीं पाता, संजीव शर्मा ने लंका जाकर माता का पतालगाने वाला, अतुल गुप्ता ने बाला सा थाने कौन सजायो जी, जतिन नगपाल ने साथी हमारा कौन बनेगा, महेंद्र बंसल ने तुमने ही बुलायाहै दरबार में आया हूँ, सचिन मुरली श्री राम जय राम जय जय राम, अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया तूने जीवन में सब कुछदिया, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, अंकुर भटनागर ने सुनलो बालाजी अर्जी हमारी, हरीश ठुकराल ने रहते घाटे मेंहनुमान भजते राम राम राम, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम, कालु मदान ने फसी भँवर में जो, सतीश ग्रोवर ने मुझपेउपकार क्यों नहीं होता, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी सबकी सुनते है तेरी भी सुनेंगे, हिमांशु श्यामपुरिया ने रामभक्त हनुमान बालाजी मेरे घरआना, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में, विपुल कुमार ने लो आ गया बजरंग बाला वो लाल लंगोटे वाला, पवन खेड़ाने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, शिव कुमार ने आया मैं आया बजरंग बाला आया, गोविंद ग्रोवर ने मेरे बाबा मेरे साथ है, आयुष अरोराने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल। जायेंगे बाबा आयेंगे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा कापच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अर्जुन गुप्ता, अतुल गुप्ता, अद्वित गुप्ता, अरुण गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, शरद कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, रोहित कुमार, केसर पाहवा, खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, गगनग्रोवर, आयुष अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अधिवक्ता यशपाल अरोरा, हर्षित ग्रोवर, अशोक कालरा, अंकुश जैन, विजय सूरी, खैरात कुमार, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, महेंद्र पारीख, राजपाल सिंह, दीपक सैनी, माधव खुराना, हरीश अरोरा, संजय चन्द्रा, किशोर रस्तोगी, मनीष मुंजाल, वैभव गगनेजा, डी. के. करगेती, कन्हैया लाल, राजकुमार जग्गा, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, अमन श्रीवास्तव, विक्की मुंजाल,, यशपाल घई, सुमित घई, शंकर विश्वास, राजकुमार जैन, नीरज बत्रा, विपुल कुमार, हरीश कुमार, पवन अरोरा, बिट्टू अरोरा, रोहन भटनागर, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।







